न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी श्री विवेक व्यास आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन न0 **279/2022**

प्रार्थी :– राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारक तहसीलदार पचपदरा

बनाम

विप्रार्थीगण :– चौण्डाराम बुधाराम बंशाराम हुकमाराम पि. शिवाराम, अबालाल, ताजाराम, बाबुलाल, चौथाराम, गौतम चंद पि, हडमताराम, मीरो देवी पत्नी हडमताराम कौम कुम्हार सा. सांगरानाडी वगै0

<u>प्रार्थना पत्र धारा 130, 131, 136 भू–राजस्व अधिनियम सपठित नियम 59, 60, 66, 86 भू–अभिलेख नियम 1970</u>

उपस्थिति :–
1. प्रार्थी, तहसीलदार पचपदरा
2. विप्रार्थीगण, एकतरफा ।

आदेश — दिनांक :– 26.05.2023

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू– राजस्व अधिनियम सपठित नियम 60 भू अभिलेख नियम 1970 के तहत प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संक्षेप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते मे रास्ते सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, उसको रास्ते के रूप में दर्ज करने के आदेश प्रदान किये गये है के क्रमः मे प्रस्तुत कर ग्राम **भोमसागर, पटवार हल्का खनौडा, भू.अ.निरीक्षक** बडनावा में एक [illegible] सड़क / डामर सड़क / बारहमासी रास्ता (जो भी लागू हो) प्रस्तावित रास्ता [illegible] स्कूल से **भोमसागर सीमा तक ग्रेवल सडक रास्ता चल रहा है ।**

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.05.31 21:29:59 IST
Reason: SelfAttested

(हस्ताक्षर) 26.5.2023
उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

लगातार..........

उक्त कदीमी रास्ता ग्राम **भोमसागर, पटवार हल्का खनौडा, भू.अ.निरीक्षक बडनावा** के खसरा संख्या 35, 25 व 03 भूमि में चल रहा है को प्रार्थना पत्र के संलग्न परिशिष्ट 'अ' व नक्शा परिशिष्ट ''ब'' अनुसार **ग्राम बनावाडा नाडा स्कूल से भोमसागर सीमा तक ग्रेवल सडक चल रहे** रास्ता को सम्बन्धित खातेदारो की खातेदारी से परिशिष्ट ''अ'' में वर्णित विवरण अनुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार करने का निवेदन किया गया।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थीगण बावजूद सूचना के अनुपस्थित रहने से उक्त के विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही अमल मे लाई गई । प्रार्थी से मौके की विस्तृत रिपोर्ट तलब की गयी जिस पर पत्र कमाक / भूअ / 2023 / 1596 दिनांक 25.5.2023 द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के संलग्न मौका फर्द अनुसार प्रकरण मे दिनांक 18.3.2023 को हल्का पटवारी, हमराह सरपंच ग्राम पंचायत खनौडा के साथ मौके पर पहुचे , मौके पर बनावडा नाडा स्कूल से रास्ता चालू हालत मे पाया गया। खसरा संख्या 274 / 35 मे रास्ता वर्तमान मे बन्द है । खसरा संख्या 35 मे से 3–02 बीघा, खसरा संख्या 25 मे से 3 बीघा, खसरा संख्या 3 मे से 2 बीघा जमीन रास्ता हेतु उपयोग आ रही है । रास्ता मौके पर चालू हालत मे पाया गया । मौका फर्द मौके पर बनाई गई जिस पर हल्का पटवारी, सरंपच खनौडा व भूरेखां के हस्ताक्षर अंकित है व सरीफो, चानण खां , बक्से खां के अगुष्ठ के निशान अंकित है ।

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा के निवेदन पर बहस सुनी गई । पत्रावली का अवलोकन किया बाद अवलोकन एवं समूची स्थिति पर विवेचन किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.05.31 21:29:59 IST
Reason: SelfAttested

बहस पर मनन किया गया जिसमे पाया कि उक्त प्रकरण राज्य सरकार के आदेश कमांक प3(2)राज–6 / 2003 / पार्ट / 04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 द्वारा राजकीय भूमि / खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारहमासी रास्ते / ग्रेवल सडक / डामर

लगातार..........

(signature) 26.5.2023

उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते मे रास्ते सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, मौके पर पुराने समय से रास्ता चालू हालत मे मौजूद है तथा आम जन इस रास्ते को आवागमन के उपयोग/उपभोग मे ले रहे है, जो आम जन से सम्बन्ध है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना को स्वीकार करना न्यायोचित प्रतीत होता है ।

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार कर तहसीलदार पचपदरा को ग्राम **भोमसागर, पटवार हल्का खनौडा, भू.अ.निरीक्षक बडनावा** के खसरा नं. 35, 25 व 03 भूमि में एक ग्रेवल सड़क /डामर सड़क / बारहमासी रास्ता **बनावाडा नाडा स्कूल से भोमसागर सीमा तक ग्रेवल सडक तक चल रहे को** तहसीलदार पचपदरा के पत्र क्रमाक/ भू.अ/ 2023/ 1596 दिनांक 25.5.2023 के संलग्न मौका फर्द दिनांक 18.3.2023 व ट्रेस नक्शा अनुसार रास्ता राजस्व रेकर्ड में अंकन करने का आदेश दिये जाते है। उक्त रास्ते का रकबा पूर्ववत अनुसार संबंधित खातेदारान के नाम खाते मे ही दर्ज रहेगा। तहसीलदार पचपदरा के पत्र क्रमाक/ भू.अ/ 2023/ 1596 दिनांक 25.5.2023 के संलग्न मौका फर्द दिनांक 18.3.2023 व ट्रेस नक्शा निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा ।

(विवेक व्यास)
भू. अभिलेख अधिकारी
(एसडीओ) बालोतरा

उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

आदेश आज दिनांक 26.05.2023 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.05.31 21:29:59 IST
Reason: SelfAttested

26.5.2023

भू–अभिलेख अधिकारी,
(एसडीओ) बालोतरा

उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा